# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 20.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 मई को राज्य में पुर्नविकसित गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन का वर्चुअल माध्यम से करेंगे उदघाटन, तैयारियों को दिया जा रहा है अंतिम रुप।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कल होने वाली टीएसी की बैठक का भाजपा ने किया बहिष्कार, प्रदेश अध्यक्ष ने कहा– आदिवासियों के हित में काम नहीं कर रही है सरकार।**
3. **राज्यपाल और मुख्यमंत्री धनबाद के एक दिवसीय दौरे पर, थोड़ी देर बाद बीबीएमकेयू परिसर में बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का करेंगे अनावरण।**
4. **ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राज्य में तिरंगा यात्रा निकालने का सिलसिला जारी, जिलों के बाद अब प्रखंडों में चल रहा है यह अभियान।**
5. **32वीं एशियन जूनियर ओपन स्क्वॉश चैंपियनशिप 2025 के लिए रांची की उभरती खिलाड़ी आध्या बुधिया का चयन, गर्ल्स अंडर–15 वर्ग में भारत का करेंगी प्रतिनिधित्व।**

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 मई को झारखंड में पुर्नविकसित गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। यह देश में एक सौ तीन अमृत भारत स्टेशनों के उद्घाटन का हिस्सा है। श्री मोदी गोविन्दपुर रोड स्टेशन के साथ ही देवघर स्थित शंकरपुर और साहिबंगज स्थित राजमहल स्टेशन का भी उदघाटन करेंगे। वैसे तो ये दोनों रेलवे स्टेशन झारखंड में अवस्थित हैं लेकिन शंकरपुर रेलवे स्टेशन पश्चिम बंगाल के आसनसोल और राजमहल रेलवे स्टेशन मालदा रेलमंडल का हिस्सा है।

********************

ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल–टीएसी की कल होने वाली बैठक का भाजपा ने बहिष्कार करने की घोषणा की है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व में हुई पार्टी की बैठक में यह फैसला लिया गया। श्री मरांडी ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार आदिवासियों के हित में काम नहीं कर रही है। ऐसे में इस बैठक का कोई औचित्य नहीं है।

********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज धनबाद के एकदिवसीय दौरे पर हैं। वे अब से थोड़ी देर बाद संयुक्त रुप से बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, बीबीएमकेयू परिसर में बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

********************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बीच, पूरा देश जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार भी सशस्त्र बलों के सम्मान में एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज इस कड़ी में, हम परमवीर–चक्र विजेता मेजर नायब सूबेदार बाना सिंह के अदभ्य साहस का स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

********************

आपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के सम्मान में राज्य में लगातार तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इस कड़ी में आज पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड में तिरंगे के साथ यात्रा निकाली गयी। इससे पहले पांकी और पाटन में तिरंगा यात्रा निकाल कर भारतीय सेना के प्रति आभार व्यक्त किया गया। पांकी में विधायक डा. शशिभूषण मेहता समेत बड़ी संख्या में लोग तिरंगा यात्रा के हिस्सा बने। इस मौके पर विधायक ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को सबक लेने की जरुरत है।

उधर, धनबाद के लोयाबाद में भी विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गयी। मौके पर बाघमारा के विधायक शत्रुध्न महतो ने सेना के शौर्य और पराक्रम को सलाम करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने विश्व समुदाय को भारत की ताकत का एहसास कराया है।

लोहरदगा जिले के कुडू में भी तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का परिचय दिया और भारतीय सेना को नमन किया।

********************

बोकारो विधायक श्वेता सिंह द्वारा दो पैन कार्ड और चार वोटर आईडी इस्तेमाल किए जाने के मामले पर सियासी हलचल तेज होती जा रही है। इस मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस के बीच चल रही जुबानी जंग के बीच डुमरी विधायक जयराम महतो ने भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इसे इलेक्शन कमीशन के प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताया है।

********************

रेलवे द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की वजह से चक्रधरपुर रेल मंडल में मेगा ब्लॉक लिया जा रहा है। इससे कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

आज सुबह के कारोबारी सत्र में सेंसेक्स और निफ्टी की शुरूआत मिले जुले वैश्विक संकेतों के बीच नकारात्मक रही। सेंसेक्स 243 अंक गिरकर 81 हजार आठ सौ पन्द्रह पर आ गया है, जबकि निफ्टी 73 अंक फिसलकर 24 हजार आठ सौ 71 पर कारोबार कर रहा था।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 87 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख दो हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

राज्य के दुमका, धनबाद और गिरिडीह समेत संथाल परगना और कोयलांचल के क्षेत्र में आज भारी बारिश हो सकती है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि कल राज्यभर में बारिश की संभावना है। यह स्थिति 23 मई तक बनी रहेगी।

********************

रांची की उभरती हुई स्क्वॉश खिलाड़ी आध्या बुधिया का चयन 32वीं एशियन जूनियर ओपन स्क्वॉश चैंपियनशिप 2025 के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 1 से 5 जुलाई तक दक्षिण कोरिया में आयोजित की जाएगी, जिसमें आध्या गर्ल्स अंडर–15 वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। हाल ही में चेन्नई में 15 से 19 मई तक आयोजित चयन ट्रायल्स में देशभर से अंडर–15 वर्ग की शीर्ष 9 खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया था। इनमें आध्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया और भारतीय टीम में अपनी जगह सुनिश्चित की।

**********समाप्त**********